collegebatch.com

**Series ΣHEFG** **Set-4**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **62**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# समाजशास्त्र

# SOCIOLOGY

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* *Maximum Marks : **80***

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **38** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **15** printed pages.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **38** questions.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

*

collegebatch.com

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़िए और उनका सख्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *यह प्रश्न-पत्र* **चार** *खण्डों में विभाजित किया गया है —* ***खण्ड क, ख, ग*** *तथा* **घ** *।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल* ***38*** *प्रश्न हैं ।* ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं ।*

*(iii)* ***खण्ड क*** *में प्रश्न संख्या* ***1 – 20*** *हैं । ये वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है ।*

*(iv)* ***खण्ड ख*** *में प्रश्न संख्या* ***21 – 29*** *हैं । ये अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 30 शब्दों में दीजिए ।*

*(v)* ***खण्ड ग*** *में प्रश्न संख्या* ***30 – 35*** *हैं । ये लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 80 शब्दों में दीजिए ।*

*(vi)* ***खण्ड घ*** *में प्रश्न संख्या* ***36 – 38*** *हैं । ये दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए 6 अंक निर्धारित है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 200 शब्दों में दीजिए । दिए गए अनुच्छेद की सहायता से प्रश्न संख्या* ***38*** *का उत्तर दीजिए ।*

## खण्ड क

*प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***20*** *तक वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है ।* *20×1=20*

**1.** जनसंख्या के पराश्रित और कार्यशील हिस्सों की तुलने के लिए उनको मापने का साधन है :

(a) जनसंख्या की आयु संरचना

(b) स्त्री-पुरुष अनुपात

(c) पराश्रितता अनुपात

(d) जनसंख्या संवृद्धि दर

**2.** *अभिकथन (A) :* जाति समूह सजातीय होते हैं, अर्थात् विवाह समूह के सदस्यों में ही हो सकते हैं ।

*कारण (R) :* जाति की सदस्यता के साथ विवाह संबंधी कठोर नियम शामिल होते हैं ।

(a) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(b) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(c) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है ।

(d) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

collegebatch.com

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *The question paper is divided into* ***four*** *sections —* ***Section A, B, C*** *and* ***D****.*

*(ii)* *There are* ***38*** *questions in all.* ***All*** *questions are* ***compulsory****.*

*(iii)* ***Section A*** *includes questions no.* ***1 – 20****. These are Objective Type Questions, carrying 1 mark each.*

*(iv)* ***Section B*** *includes questions no.* ***21 – 29****. These are Very Short Answer type questions, carrying 2 marks each. Answer to each question should not exceed 30 words.*

*(v)* ***Section C*** *includes questions no.* ***30 – 35****. These are Short Answer type questions, carrying 4 marks each. Answer to each question should not exceed 80 words.*

*(vi)* ***Section D*** *includes questions no.* ***36 – 38****. They are Long Answer type questions, carrying 6 marks each. Answer to each question should not exceed 200 words each. Question no.* ***38*** *is to be answered with the help of the passage given.*

## Section A

*Questions no.* ***1*** *to* ***20*** *are Objective Type Questions, carrying* ***1*** *mark each.* *20×1=20*

**1.** The measure of comparing the portion of a population which is composed of dependents with the portion that is the working population is :

(a) Age structure of the population

(b) Sex ratio

(c) Dependency ratio

(d) Growth rate of population

**2.** *Assertion (A) :* Caste groups are endogamous, i.e. marriage is restricted to members of the group.

*Reason (R) :* Membership in a caste involves strict rules about marriage.

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(c) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(d) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

collegebatch.com

**3.** प्रत्येक समाज में कुछ लोगों के पास धन, संपदा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं शक्ति जैसे मूल्यवान संसाधनों का दूसरों के अपेक्षा ज्यादा बड़ा हिस्सा होता है । यह सामाजिक संसाधन पूँजी के तीन रूपों में विभाजित किए जा सकते हैं ।

निम्नलिखित में से कौन-सा पूँजी का रूप ***नहीं*** है ?

(a) आर्थिक (b) सांस्कृतिक

(c) सामाजिक (d) शैक्षिक

**4.** जातियों में आपसी उप-विभाजन भी होता है, अर्थात् जातियों में हमेशा उप-जातियाँ होती हैं और कभी-कभी उप-जातियों में भी उप-उप-जातियाँ होती हैं । इसे __________ कहते हैं ।

(a) वर्ग (b) विभाजन

(c) नातेदारी (d) खंडात्मक विभाजन

**5.** निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता रंगभेद की नीति का एक तत्त्व ***नहीं*** है ?

(a) भूमि के स्वामित्व से इनकार

(b) दक्षिण अफ्रीकी नागरिकता से इनकार

(c) मिश्रित विवाह की अनुमति

(d) सरकार में औपचारिक आवाज़ से इनकार

**6.** राष्ट्र एक अनूठे किस्म का समुदाय होता है । राष्ट्र से संबंधित ***ग़लत*** कथन को चुनिए ।

(a) वर्णन करना कठिन है

(b) परिभाषित करना कठिन है

(c) साझे धर्म, भाषा, संस्कृति पर आधारित हैं

(d) यह समुदायों से मिलकर बना एक समुदाय है

**7.** केवल एक अकेली राष्ट्रीय पहचान बनाए रखना, जिसके लिए सार्वजनिक तथा राजनीतिक कार्यक्षेत्रों से नृजातीय-राष्ट्रीय और सांस्कृतिक विभिन्नताओं को दूर करने का प्रयत्न होता है — यह __________ की नीति से संबंधित है ।

(a) एकीकरण (b) प्रभावशाली समूह

(c) राज्य (d) विविधता

**8.** दक्षिण एशियाई औपनिवेशिक नगर के एक प्रारूप के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) मनोरंजन सुविधाएँ उपलब्ध नहीं थीं

(b) अनियोजित सड़कें

(c) दक्षिण एशियाई औपनिवेशिक शहर के यूरोपीय नगरों में नागरिक सुविधाएँ उपलब्ध थीं

(d) अविस्तीर्ण बंगले

**3.** In every society, some people have a greater share of valued resources — money, property, education, health, and power — than others. These social resources can be divided into three forms of capital.

Which of the following is ***not*** a form of capital ?

(a) Economic
(b) Cultural
(c) Social
(d) Educational

**4.** Castes also involve sub-divisions within themselves, i.e. Castes almost always have sub-castes and sometimes sub-castes may also have sub-sub-castes. This is referred to as a _________.

(a) Class
(b) Division
(c) Kinship
(d) Segmental Division

**5.** Which of the following features is ***not*** an element of the policy of Apartheid ?

(a) Denial of ownership of land
(b) Denial of South African citizenship
(c) Permission for mixed marriages
(d) Denial of formal voice in government

**6.** A nation is a peculiar sort of community. Choose the ***incorrect*** statement about the nation.

(a) Hard to describe
(b) Hard to define
(c) Based on shared religion, language, culture
(d) It is a community of communities

**7.** To assert a single national identity by attempting to eliminate ethno-national and cultural differences from the public and political arena will be considered as a/an _________ policy.

(a) Assimilationist
(b) Dominant group
(c) State
(d) Diversity

**8.** Which of the following is true for a model of South Asian colonial city ?

(a) Recreational facilities were not available
(b) Unplanned streets
(c) Civic amenities were accessible in the European towns of the South Asian colonial city
(d) Cramped bungalows

collegebatch.com

**9.** *अभिकथन (A) :* औपनिवेशिक काल के नगरीकरण में देश के उद्योगों में समृद्धि देखने को मिली ।

*कारण (R) :* नए औपनिवेशिक शहरों का उद्भव और विकास हुआ ।

(a) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(b) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(c) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है ।

(d) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

**10.** *अभिकथन (A) :* सरकार ने कोयले की खानों में कार्य की दशाओं को बेहतर करने के लिए बहुत से कानून बना दिए हैं ।

*कारण (R) :* कई ठेकेदार मज़दूरों का रजिस्टर ठीक से रखते हैं, अतः वे दुर्घटना की अवस्था में किसी भी लाभ को देने की ज़िम्मेदारी से नहीं मुकरते ।

(a) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(b) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(c) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है ।

(d) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

**11.** ग्रामीण समाज में वैश्वीकरण और उदारीकरण के लिए क्या सही ***नहीं*** है ?

(a) विश्व व्यापार संगठन में ग़ैर-भागीदारी

(b) मुक्त अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

(c) आयात के लिए भारतीय बाज़ारों को खोलना

(d) वैश्विक बाज़ार से प्रतिस्पर्धा

**12.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन उच्च प्रजनन दर के परिदृश्य में सत्य है ?

(a) प्रतिस्थापन स्तर तक पहुँचने में अधिक समय लगता है ।

(b) प्रतिस्थापन स्तर तक पहुँचने में कम समय लगता है ।

(c) प्रतिस्थापन स्तर को प्रभावित नहीं करता ।

(d) प्रतिस्थापन स्तर पर प्रभाव निर्धारित नहीं किया जा सकता ।

collegebatch.com

**9.** *Assertion (A) :* Urbanization in the colonial period saw the prosperity of indigenous industries.

*Reason (R) :* There was emergence of new colonial cities.

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(c) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(d) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**10.** *Assertion (A) :* The government has passed a number of laws to regulate the working conditions in coal mines.

*Reason (R) :* Many contractors maintain proper register of workers and take responsibility for accidents giving all possible benefits.

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(c) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(d) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**11.** What is ***not*** true for globalisation and liberalisation in the rural society ?

(a) Non-participation in WTO

(b) Free international trade

(c) Opening of Indian markets to imports

(d) Competition from the global market

**12.** Which of the following statements is true in the scenario of high fertility rate ?

(a) It takes more time to reach the replacement level.

(b) It takes less time to reach the replacement level.

(c) It does not impact the replacement level.

(d) The impact on replacement level cannot be determined.

**13.** *अभिकथन (A) :* हड़ताल करना मुश्किल फैसला होता है ।

*कारण (R) :* व्यवस्थापक अतिरिक्त मज़दूरों को बुलाने का प्रयास करते हैं । कामगारों के लिए भी बिना वेतन के रहना मुश्किल हो जाता है ।

(a) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(b) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(c) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है ।

(d) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

**14.** जहाँ तक सकारात्मक विशिष्टताओं का संबंध है, जनजातियों को उनके 'स्थायी' तथा 'अर्जित' विशेषकों के अनुसार विभाजित किया गया है । निम्नलिखित में से कौन-सा स्थायी विशेषक है ?

(a) क्षेत्र, भाषा

(b) शारीरिक विशिष्टताएँ

(c) पारिस्थितिक आवास

(d) उपर्युक्त सभी

**15.** संविदा खेती के समाजशास्त्रीय महत्त्व में निम्नलिखित में से कौन शामिल ***नहीं*** है ?

(a) व्यक्तियों को उत्पादन प्रक्रिया से अलग कर देती है ।

(b) अपने देशीय कृषि ज्ञान को निरर्थक बना देती है ।

(c) मूल रूप से अभिजात मदों का उत्पादन करती है ।

(d) पर्यावरणीय दृष्टि से टिकाऊ (संधारणीय) होती है ।

**16.** *अभिकथन (A) :* सामाजिक आंदोलन किसी बृहद् उद्देश्य की ओर निर्देशित होते हैं ।

*कारण (R) :* इसमें लंबा तथा निरंतर सामाजिक प्रयास तथा लोगों की गतिविधियाँ शामिल होती हैं ।

(a) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(b) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(c) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है ।

(d) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

collegebatch.com

**13.** *Assertion (A) :* To call a strike is a difficult decision.

*Reason (R) :* Managers may try to use substitute labour. Workers also find it hard to sustain themselves without wages.

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(c) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(d) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**14.** In terms of positive characteristics, tribes have been classified according to their 'permanent' and 'acquired' traits. Which one of the following is a permanent trait ?

(a) Region, language (b) Physical characteristics

(c) Ecological habitat (d) All of the above

**15.** The sociological importance of contract farming does ***not*** include which of the following ?

(a) It disengages people from the production process.

(b) Indigenous knowledge of agriculture becomes irrelevant.

(c) It caters primarily to the production of elite items.

(d) It is ecologically sustainable.

**16.** *Assertion (A) :* Social movements are directed towards some broad goals.

*Reason (R) :* It involves long and continuous social effort and action by people.

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(c) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(d) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

collegebatch.com

**17.** __________ सामाजिक आंदोलन वर्तमान सामाजिक तथा राजनीतिक विन्यास को धीमे प्रगतिशील चरणों द्वारा बदलने का प्रयास करते हैं ।

(a) सुधारवादी (b) प्रतिदानात्मक

(c) क्रांतिकारी (d) सापेक्षिक वंचन

**18.** निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से जाति व्यवस्था के लिए सही है/हैं ?

I. अधिक्रम

II. अर्जित प्रस्थिति

III. खंडात्मक विभाजन

(a) I असत्य है (b) I, II सत्य हैं

(c) I, III सत्य हैं (d) I, II, III सत्य हैं

**19.** निम्नलिखित में से क्या प्रबल जाति को प्रबल बनाता है ?

(a) भूमि सुधारों द्वारा दिए गए भूमि के अधिकार

(b) मध्यवर्ती जाति की पहचान

(c) बड़ी संख्या का राजनीतिक सत्ता में परिवर्तित होना

(d) उपर्युक्त सभी

**20.** कौन-सा शब्द विदेशियों, दासों और युद्धों में पराजित लोगों पर लागू होता है ?

(a) पंचम (b) ब्राह्मण

(c) क्षत्रिय (d) जाति

**खण्ड ख**

**21.** स्वातंत्र्योत्तर काल में ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक संबंधों की प्रकृति में अनेक प्रभावशाली रूपांतरण हुए, खासकर उन क्षेत्रों में जहाँ हरित क्रांति हुई । किन्हीं दो रूपांतरणों के नाम लिखिए । *1+1=2*

**22.** उदारीकरण ने भारत में रोज़गार के प्रतिमानों को किस प्रकार प्रभावित किया है ? किन्हीं दो तरीकों का उल्लेख कीजिए । *1+1=2*

17. __________ social movements strive to change the existing social and political arrangements through gradual incremental steps.

(a) Reformist
(b) Redemptive
(c) Revolutionary
(d) Relative deprivation

18. Which of the following is true for caste system ?

I. Hierarchy
II. Achieved status
III. Segmental division

(a) I is false
(b) I, II are true
(c) I, III are true
(d) I, II, III are true

19. Which of the following makes dominant caste dominant ?

(a) Land rights granted by land reforms
(b) Intermediate caste identity
(c) Large numbers converting to political power
(d) All of the above

20. Which term is applicable to foreigners, slaves and conquered people ?

(a) Panchama
(b) Brahman
(c) Kshatriya
(d) Jati

## Section B

21. Several profound transformations in the nature of social relations in rural areas took place in the post-independence period, especially in those regions that underwent the Green Revolution. Name any two transformations. *1+1=2*

22. How has liberalization impacted the employment patterns in India ? Mention any two ways. *1+1=2*

collegebatch.com

**23.** (क) सामाजिक आंदोलन विरोध के विभिन्न साधनों को भी विकसित करते हैं । किन्हीं दो विरोध के भिन्न साधनों के नाम लिखिए । *1+1=2*

**अथवा**

(ख) स्वतंत्रता के समय, हमें दो मुख्य किसान आंदोलन देखने को मिले थे । दोनों किसान आंदोलनों के नाम लिखिए । *1+1=2*

**24.** (क) मज़दूरों के संचार के संदर्भ में “सरकुलेशन” का अर्थ लिखिए । *2*

**अथवा**

(ख) 1960 तथा 1970 के दशकों में हरित क्रांति के प्रथम चरण में, नई प्रौद्योगिकी के लागू होने से ग्रामीण समाज में असमानताओं का बढ़ने का आभास हुआ ।
असमानताओं में वृद्धि के दो तरीकों का उल्लेख कीजिए । *1+1=2*

**25.** राज्यों को अकसर सांस्कृतिक विविधता पर संदेह होता है । दिए गए कथन के दो कारण बताइए । *1+1=2*

**26.** अकसर परिवार कटु संघर्षों का स्थल होता है । कथन की पुष्टि के लिए दो कारण दीजिए । *1+1=2*

**27.** जाति व्यवस्था को समझने के लिए सिद्धांतों के दो समुच्चयों की पहचान कीजिए । इनमें से किसी एक समुच्चय की परिभाषा दीजिए । *1+1=2*

**28.** जनसांख्यिकी के दो प्रकारों को समझाइए । *1+1=2*

**29.** (क) संगठित क्षेत्र में अनुबंधित कार्य को परिभाषित कीजिए । *2*

**अथवा**

(ख) प्रबंधक (मैनेजर) का मुख्य कार्य क्या होता है ? *2*

## खण्ड ग

**30.** (क) संस्कृतीकरण की अवधारणा एक ऐसे प्रारूप को सही ठहराती है जो दरअसल असमानता और अपवर्तन पर आधारित है । इस प्रारूप की व्याख्या कीजिए । *4*

**अथवा**

(ख) रूडोल्फ और रूडोल्फ द्वारा दी गई आधुनिकता की परिघटना को समझाइए । *4*

**31.** आई.टी. क्षेत्र में “समय की चाकरी” की परिघटना की चर्चा कीजिए । *4*

**32.** औपनिवेशिक काल में भूमि सुधारों के परिणामों की चर्चा कीजिए । *4*

**33.** (क) औपनिवेशिक प्रशासक चाय बागानों में किस प्रकार श्रमिकों का चयन और नियुक्ति करते थे ? *4*

**अथवा**

(ख) चाय बागानों में बागानों के मालिक कैसे रहते थे ? *4*

collegebatch.com

**23.** (a) Social movements also develop distinct modes of protest. Write the names of any two distinct modes of protest. *1+1=2*

**OR**

(b) At the time of Independence, we had the two most classical cases of peasant movements. Write the names of the two peasant movements. *1+1=2*

**24.** (a) Write the meaning of the term "circulation" in the concept of circulation of labour. *2*

**OR**

(b) In the first phase of the Green Revolution in the 1960s and 1970s, the introduction of new technology seemed to be increasing inequalities in rural society.

Mention two ways by which inequalities increased. *1+1=2*

**25.** States are often doubtful of cultural diversity. State two reasons for the given statement. *1+1=2*

**26.** Very often family is a site of bitter conflicts. Give two reasons to justify the statement. *1+1=2*

**27.** Identify the two sets of principles used to understand the caste system. Define any one set. *1+1=2*

**28.** Explain the two types of Demography. *1+1=2*

**29.** (a) Define work in the organised sector. *2*

**OR**

(b) What is the basic task of a manager ? *2*

## Section C

**30.** (a) Sanskritisation seems to justify a model that rests on inequality and exclusion. Explain this model. *4*

**OR**

(b) Explain the phenomenon of Modernity as given by Rudolph and Rudolph. *4*

**31.** Discuss the phenomenon of "Time Slavery" in the I.T. sector. *4*

**32.** Discuss the impact of land reforms during the colonial period. *4*

**33.** (a) How were labourers recruited and appointed by the colonial administrators in the tea gardens ? *4*

**OR**

(b) How did the planters in the tea plantations live ? *4*

collegebatch.com

**34.** "सुल्तानाज़ ड्रीम" नामक पुस्तक किसके द्वारा लिखी गई ? यह एक उल्लेखनीय कहानी क्यों है ? *1+3=4*

**35.** आधुनिक भारत में महिलाओं की स्थिति का प्रश्न 19वीं सदी के मध्यवर्गीय सामाजिक सुधार आंदोलनों के एक हिस्से के रूप में उदित हुआ । इन सुधारकों ने विचारों का मिश्रण इस्तेमाल किया । इन विचारों की व्याख्या कीजिए । *4*

## खण्ड घ

**36.** (क) "माल्थस का जनसंख्या वृद्धि का सिद्धांत एक निराशावादी सिद्धांत था । कुछ विचारकों ने इसका विरोध भी किया ।" कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए । *6*

**अथवा**

(ख) "कभी-कभी लोग शहरी जीवन को कुछ सामाजिक कारणों से पसंद करते हैं ।" इन सामाजिक कारणों की गणना कीजिए । *6*

**37.** "नागरिक समाज में शामिल होने की मुख्य कसौटियाँ यह हैं कि संगठन राज्य नियंत्रित नहीं होना चाहिए और विशुद्ध रूप से वाणिज्यिक मुनाफ़ा कमाने वाले तत्त्व न हो ।" दिए गए कथन की विस्तार से चर्चा कीजिए । *6*

**38.** दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2+2+2=6*

मौलिक अधिकारों, अल्पसंख्यकों, आदि पर सलाहकार समिति के गठन का प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए जी.बी. पंत ने अपने भाषण में निम्नलिखित विचार प्रकट किए थे । "हमें दबाए हुए वर्गों, अनुसूचित जातियों तथा पिछड़े वर्गों की विशेष देखभाल करनी होगी... उन्हें सामान्य स्तर पर लाने के लिए हम जो भी कर सकते हैं उसे अवश्य करना चाहिए.... जंजीर की शक्ति का आकलन उसकी सर्वाधिक कमज़ोर कड़ी द्वारा किया जाता है, और इसलिए जब तक सबसे कमज़ोर कड़ी को सशक्त नहीं किया जाता, हमें एक स्वस्थ्य राजनीति नहीं प्राप्त होगी । हाल ही के वर्षों में राज्यों में इन वर्गों के आरक्षण दिए जाने संबंधी निर्णयों के लिए फिर से एक नया विवाद शुरू हो गया है ।"

(क) उपर्युक्त अनुच्छेद के आधार पर समाज की सर्वाधिक कमज़ोर कड़ी कौन-सी है ? *1+1=2*

(ख) समाज की इस सर्वाधिक कमज़ोर कड़ी को क्यों और कैसे सशक्त किया जा सकता है ? *2*

(ग) 'जाति के धर्मनिरपेक्षीकरण' को परिभाषित कीजिए । *2*

collegebatch.com

**34.** Who wrote the book "Sultana's Dream"? Why is this a remarkable story? *1+3=4*

**35.** The women's question arose in modern India as part of 19th century middle-class social reform movements. These reformers used a mix of ideas. Explain these ideas. *4*

## Section D

**36.** (a) "Malthus's theory of population growth was a rather pessimistic one. It was challenged by theorists." Justify the statement. *6*

**OR**

(b) "Sometimes the city may be preferred for social reasons." Enumerate these social reasons. *6*

**37.** "The main criteria for inclusion in civil society are that the organization should not be State-controlled, and it should not be a purely commercial profit-making entity." Discuss the given statement at length. *6*

**38.** Read the passage given and answer the questions : *2+2+2=6*

The following observations were made by G.B. Pant during a speech that moved the constitution of the Advisory Committee on fundamental rights, minorities, etc. "We have to take particular care of the Depressed Classes, the Scheduled Castes, and the Backward Classes... we must do all we can to bring them up to the general level... the strength of the chain is measured by the weakest link of it and so until every link is fully revitalized, we will not have a healthy body politic. Recent years have seen renewed debate about the States' decisions on reservation to this section."

(a) Based on the passage above, who are referred to as the weakest link of society ? *1+1=2*

(b) Why should and how can this weakest link be fully revitalized? *2*

(c) Define 'secularisation of caste'. *2*